चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 19.9.21 | 9 | 2-8 |

*विभिन्न कोर्सों के लिए 6910 उम्मीदवारों ने आवेदन किया*

# एचएयू में विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आज, विवि ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया, परीक्षा केंद्रों के बाहर कड़ी सुरक्षा रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए 19 सितंबर को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय सहित शहर के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा के दौरान कोरोना महामारी की सभी हिदायतों का सख्ती से पालन किया जाएगा।

प्रवेश परीक्षा के दौरान विभिन्न कोर्सों के लिए 6910 उम्मीदवारों ने आवेदन किया हुआ है। इस दौरान बीएससी एग्रीकल्चर के छह वर्षीय कोर्स, एमएससी मैथ, पीएचडी, बीएससी मत्स्य विज्ञान आदि के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। प्रवेश परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा।

## शिक्षकों और गैर शिक्षकों की ड्यूटी लगाई

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.के. महता ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए जारी किए गए एडमिट कार्ड में सभी हिदायतों, नियमों व शर्तों सहित सेंटर की जानकारी आदि को दर्शाया गया है। प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन के लिए शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाई गई हैं। इसके अलावा परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े और कोरोना महामारी के चलते जारी हिदायतों का भी सही तरीके से पालन हो सके। सभी परीक्षा केंद्रों को परीक्षा से पहले सेनेटाइज करवाया गया है। परीक्षा के दौरान सामाजिक दूरी व मास्क का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा।



**कोरोना गाइडलाइन का पालन किया जाएगा। केंद्रों के बाहर सेनिटाइजेशन की व्यवस्था**

कुलसचिव ने बताया कि इसके अलावा सभी परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय की ओर से ही परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वार पर हाथ सेनेटाइज करवाने के बाद फेस मास्क मुहैया करवाए जाएंगे, ताकि कोरोना के खतरे से निपटने के लिए सतर्कता बरती जा सके। प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। इसके बावजूद अगर किसी परीक्षार्थी को कोई परीक्षा संबंधी परेशानी है तो वह विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दिए गए संपर्क नंबर से संपर्क कर सकता है। परीक्षा के लिए दी गई सभी हिदायतों का पालन अनिवार्य है।

## डिजिटल बोर्ड से नौनिहालों को पढ़ाया जाएगा इंग्लिश विषयः उपायुक्त

हिसार। उपायुक्त डॉ प्रियंका सोनी ने बताया कि राज्य सरकार के दिशानिर्देशानुसार शिक्षा विभाग द्वारा प्राइमरी मॉडल संस्कृति स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को डिजिटल बोर्ड से इंग्लिश विषय पढ़ाने के लिए समुचित प्रबंध किए जा रहे हैं। विभाग द्वारा प्रत्येक स्कूल को दो-दो डिजिटल बोर्ड दिए गए हैं, जिनके माध्यम से शिक्षक नौनिहालों को इंग्लिश के तौर-तरीकों के बारे में सिखाएंगे। इसको लेकर मास्टर ट्रेनर द्वारा शिक्षकों को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 1418 प्राइमरी मॉडल संस्कृति स्कूल हैं, जिनमें पहली व दूसरी कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को इंग्लिश विषय पढ़ाने के लिए प्रबंध किए जा रहे हैं। उपायुक्त ने बताया कि जिले में 118 प्राइमरी मॉडल संस्कृति स्कूल में दो- दो डिजिटल बोर्ड स्थापित भी कर दिए गए हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

. लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 19.9.21 | 5 | 7-8 |


# एचएयू में विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आज, सभी तैयारियां पूरी

## बीएससी एग्रीकल्चर के छह वर्षीय कोर्स, एमएससी मैथ, पीएचडी, बीएससी मत्स्य विज्ञान आदि के लिए होगी प्रवेश परीक्षा

हिसार, 18 सितम्बर (देवानंद सोनी) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए 19 सितंबर को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.के. महता ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय सहित शहर के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा के दौरान कोरोना महामारी की सभी हिदायतों का सख्ती से पालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के दौरान विभिन्न कोर्सों के लिए 6910 उम्मीदवारों ने आवेदन किया हुआ है। इस दौरान बीएससी एग्रीकल्चर के छह वर्षीय कोर्स, एमएससी मैथ, पीएचडी, बीएससी मत्स्य विज्ञान आदि के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। प्रवेश परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। बीएससी मत्स्य विज्ञान के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा का समय सायंकालीन सत्र में दोपहर 2 बजे से पांच बजे तक का होगा। प्रवेश परीक्षा के लिए जारी किए गए एडमिट कार्ड में सभी हिदायतों, नियमों व शर्तों सहित सेंटर की जानकारी आदि को दर्शाया गया है। प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन के लिए शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाई गई हैं। इसके अलावा परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े और कोरोना महामारी के चलते जारी हिदायतों का भी सही तरीके से पालन हो सके। सभी परीक्षा केंद्रों को परीक्षा से पहले सेनेटाइज कराया गया है। परीक्षा के दौरान सामाजिक दूरी व मास्क का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसके अलावा सभी परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय की ओर से ही परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वार पर हाथ सेनेटाइज करवाने के बाद फेस मास्क मुहैया करवाए जाएंगे, ताकि कोरोना के खतरे से निपटने के लिए सतर्कता बरती जा सके।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 19.9.21 | 1 | 1-2 |


# एचएयू : पीएचडी समेत कई कोर्सों में दाखिले को प्रवेश परीक्षा आज

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए 19 सितंबर को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. एसके महता ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरीकर ली गई हैं। परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय सहित शहर के विभिन्न स्कूलों और कालेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा के दौरान कोरोना महामारी की सभी हिदायतों का सख्ती से पालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के दौरान विभिन्न कोर्सों के लिए 6910 उम्मीदवारों ने आवेदन किया हुआ है। इस दौरान बीएससी एग्रीकल्चर के छह वर्षीय कोर्स, एमएससी मैथ, पीएचडी, बीएससी मत्स्य विज्ञान आदि के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। प्रवेश परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। बीएससी मत्स्यविज्ञान के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा का समय सायंकालीन सत्र में दोपहर 2 बजे से पांच बजे तक का होगा। प्रवेश परीक्षा के लिए जारी किए गए एडमिट कार्ड में सभी हिदायतों,नियमों व शर्तों सहित सेंटर की जानकारी आदि को दर्शाया गया है। प्रवेश परीक्षा के सफलआयोजन के लिए शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाई गई हैं। परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या कासामना न करना पड़े और कोरोना महामारी के चलते जारी हिदायतों का भी सही तरीके से पालन हो सके। सभी परीक्षा केंद्रों को परीक्षा से पहले सेनेटाइज कराया गया है। परीक्षा के दौरान सामाजिक दूरी व मास्क काभी विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसके अलावा सभी परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय की ओर से ही परीक्षाकेंद्र के प्रवेश द्वार पर हाथ सेनेटाइज करवाने के बाद फेस मास्क मुहैया करवाए जाएंगे, ताकि कोरोना के खतरे सेनिपटने के लिए सतर्कताबरती जा सके। प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

**प्रक्रिया**

- बीएससी एग्रीकल्चर के छह वर्षीय कोर्स, एमएससी मैथ, पीएचडी, बीएससी मत्स्य विज्ञान के लिए होगी परीक्षा



## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
### लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 19.9.21 | 4 | 3-5 |

# एचएयू : विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आज



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए 19 सितंबर को प्रवेश परीक्षा होगी। कुलसचिव डॉ. एसके महता ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय सहित शहर के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाए गए है। विभिन्न कोर्सेज के लिए 6910 उम्मीदवारों ने आवेदन किया हुआ है। इस दौरान बीएससी एग्रीकल्चर के छह वर्षीय कोर्स, एमएससी मैथ, पीएचडी, बीएससी मत्स्य विज्ञान आदि के लिए प्रवेश परीक्षा होगी।

प्रवेश परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। बीएससी मत्स्य विज्ञान के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा का समय सायंकालीन सत्र में दोपहर 2 से पांच बजे तक का होगा। प्रवेश परीक्षा के लिए जारी किए गए एडमिट कार्ड में सभी हिदायतों, नियमों व शर्तों सहित सेंटर की जानकारी आदि को दर्शाया गया है। परीक्षा केंद्रों को सैनिटाइज कराया गया है। परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। ब्यूरो

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 19.9.21 | 2 | 4 |


# एचएयू में विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आज

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए आज प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.के. महता ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय सहित शहर के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा के दौरान कोरोना महामारी की सभी हिदायतों का सख्ती से पालन किया जाएगा। विभिन्न कोर्सों के लिए 6910 उम्मीदवारों ने आवेदन किया हुआ है। इस दौरान बीएससी एग्रीकल्चर के छह वर्षीय कोर्स, एमएससी मैथ, पीएचडी, बीएससी मत्स्य विज्ञान आदि के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। प्रवेश परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। बीएससी मत्स्य विज्ञान के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा का समय सायंकालीन सत्र में दोपहर 2 बजे से पांच बजे तक का होगा। प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 19.9.21 | 4 | 1-2 |

## एचएयू में पीएम के जन्मदिन पर पौधरोपण किया



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीआर कांबोज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71 वें जन्म दिवस पर परिसर में पौधरोपण किया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के भू-दृश्य संरचना इकाई की ओर से किया गया था। इस मौके पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कुलसचिव डॉ. एसके मेहता, अनुसंधान निदेशक डॉ. एसके सहरावत, विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रामनिवास ढांडा, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया, अधिष्ठाता डॉ. अमरजीत कालड़ा आदि अधिकारी मौजूद थे। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 19.9.21 | 4 | 3 |

## 'एच.ए.यू. में विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आज'

हिसार, 18 सितम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए 19 सितम्बर को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.के. महता ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय सहित शहर के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा के दौरान कोरोना महामारी की सभी हिदायतों का सख्ती से पालन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के दौरान विभिन्न कोर्सों के लिए 6910 उम्मीदवारों ने आवेदन किया हुआ है। इस दौरान बी.एस.सी. एग्रीकल्चर के छह वर्षीय कोर्स, एम.एस.सी. मैथ, पी.एच.डी., बी.एस.सी. मत्स्य विज्ञान आदि के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। प्रवेश परीक्षा का समय प्रातरू 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। बी.एस.सी. मत्स्य विज्ञान के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा का समय सायंकालीन सत्र में दोपहर 2 बजे से पांच बजे तक का होगा। प्रवेश परीक्षा के लिए शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाई गई हैं। सभी परीक्षा केंद्रों को परीक्षा से पहले सेनेटाइज कराया गया है। परीक्षा के दौरान सामाजिक दूरी व मास्क का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरियाणा टुडे | 19.09.2021 | -- | -- |



# किसी खास अवसर पर जरूर करें पौधारोपण, उसके पालन-पोषण की जिम्मेदारी भी लें : प्रो. कांबोज

## एचएयू में पौधारोपण कर मनाया माननीय पीएम मोदी जी का जन्मदिन

टुडे न्यूज़ । हिसार



एचएयू में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जी जन्मदिवस पर पौधारोपण करते कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज व अन्य।

प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन काल में किसी न किसी खास अवसर पर पौधारोपण अवश्य करना चाहिए। साथ ही उसकी देखभाल व पालन पोषण की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए ताकि वह अच्छे से फल-फूल सके और पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचा सके। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने कहे। वे देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 71 वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविदयालय परिसर में पौधारोपण करने के उपरांत बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के भू-दृश्य सरंचना इकाई की ओर से किया गया था। कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय के ओल्ड कैंपस और उसके आसपास के क्षेत्र में पौधा रोपण किया गया। मुख्यातिथि ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। हमें ऐसे महान व्यक्तित्व के जन्मदिन पर पौधारोपण करना उन्हें सही मायनों में जन्मदिन की बधाई देना है। उन्हें जन्मदिन की बधाई देते हुए हम कामना करते हैं कि भगवान उन्हें स्वस्थ रखे ताकि वे ओर अधिक ऊर्जा के साथ सदैव देश सेवा में जुटे रहें। उन्होंने कहा कि लगातार विश्वविद्यालय में पौधारोपण किया जा रहा है ताकि विश्वविद्यालय का सारा परिसर हरा-भरा नजर आए। इससे एक ओर जहां पर्यावरण संरक्षण होगा वहीं प्रदूषण से भी निजात मिलेगी। पौधारोपण अभियान के तहत चिकरेशिया, गुलमोहर, अमलतास, कचनार, शहतूत, नीम, जामुन, अमरूद, नींबू, अर्जुन आदि प्रकार के पौधे लगाए गए। इस दौरान मौजूद सभी अधिकारियों ने पौधारोपण कर माननीय प्रधानमंत्री जी को जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कुलसचिव डॉ. एस.के. मेहता, अनुसंधान निदेशक डॉ. एस.के. सहरावत, विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रामनिवास ढांडा, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया, अधिष्ठाता डॉ. अमरजीत कालड़ा, डॉ. एम.एस. सिद्धपुरिया, डॉ. राजवीर सिंह, डॉ. बिमला ढांडा, पुस्कालयाध्यक्ष डॉ. बलवान सिंह, भू-दृश्य सरंचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीति मलिक सहित विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे | 18.09.2021 | -- | -- |

बीएससी एग्रीकल्चर के छह वर्षीय कोर्स, एमएससी मैथ, पीएचडी, बीएससी मत्स्य विज्ञान आदि के लिए होगी प्रवेश परीक्षा

# एचएयू में विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा कल, सभी तैयारियां पूरी

पांच बजे न्यूज



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए 19 सितंबर को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.के. महता ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय सहित शहर के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा के दौरान कोरोना महामारी की सभी हिदायतों का सख्ती से पालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के दौरान विभिन्न कोर्सों के लिए 6910 उम्मीदवारों ने आवेदन किया हुआ है। इस दौरान बीएससी एग्रीकल्चर के छह वर्षीय कोर्स, एमएससी मैथ, पीएचडी, बीएससी मत्स्य विज्ञान आदि के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। प्रवेश परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। बीएससी मत्स्य विज्ञान के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा का समय सायंकालीन सत्र में दोपहर 2 बजे से पांच बजे तक का होगा। प्रवेश परीक्षा के लिए जारी किए गए एडमिट कार्ड में सभी हिदायतों, नियमों व शर्तों सहित सेंटर की जानकारी आदि को दर्शाया गया है। प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन के लिए शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाई गई हैं। इसके अलावा परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े और कोरोना महामारी के चलते जारी हिदायतों का भी सही तरीके से पालन हो सके। सभी परीक्षा केंद्रों को परीक्षा से पहले सेनेटाइज कराया गया है। परीक्षा के दौरान सामाजिक दूरी व मास्क का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसके अलावा सभी परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय की ओर से ही परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वार पर हाथ सेनेटाइज करवाने के बाद फेस मास्क मुहैया करवाए जाएंगे, ताकि कोरोना के खतरे से निपटने के लिए सतर्कता बरती जा सके। प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। इसके बावजूद अगर किसी परीक्षार्थी को कोई परीक्षा संबंधी परेशानी है तो वह विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दिए गए संपर्क नंबर से संपर्क कर सकता है। परीक्षा के लिए दी गई सभी हिदायतों का पालन अनिवार्य है।

उन्होंने उम्मीदवारों व उनके अभिभावकों से अपील की है कि इसके अलावा प्रवेश परीक्षा संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर चेक करते रहें।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 19.09.2021 | -- | -- |

# एचएयू में पौधारोपण कर मनाया पीएम नरेंद्र मोदी का जन्मदिन



*हिसार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर पौधारोपण करते कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज व अन्य।*

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन काल में किसी न किसी खास अवसर पर पौधारोपण अवश्य करना चाहिए। साथ ही उसकी देखभाल व पालन पोषण की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए ताकि वह अच्छे से फल-फूल सके और पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचा सके। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहे। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में विश्वबिदद्यालय परिसर में पौधारोपण करने के उपरांत बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय के ओल्ड कैंपस और उसके आसपास के क्षेत्र में पौधारोपण किया गया। उन्होंने कहा कि लगातार विश्वविद्यालय में पौधारोपण किया जा रहा है ताकि विश्वविद्यालय का सारा परिसर हरा-भरा नजर आए। इससे एक ओर जहां पर्यावरण संरक्षण होगा वहीं प्रदूषण से भी निजात मिलेगी। पौधारोपण अभियान के तहत चिकरेशिया, गुलमोहर, अमलतास, कचनार, शहतूत, नीम, जामुन, अमरूद, नींबू, अर्जुन आदि प्रकार के पौधे लगाए गए।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| पाठक पक्ष | 18.09.2021 | -- | -- |

# किसी खास अवसर पर जरूर करें पौधरोपण, उसके पालन-पोषण की जिम्मेदारी भी लें-प्रो. बीआर कांबोज

## एचएयू में पौधारोपण कर मनाया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन



पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 18 सितम्बर : प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन काल में किसी न किसी खास अवसर पर पौधारोपण अवश्य करना चाहिए। साथ ही उसकी देखभाल व पालन पोषण की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए ताकि वह अच्छे से फल-फूल सके और पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचा सके। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने कहे। वे देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 71 वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविदद्यालय परिसर में पौधारोपण करने के उपरांत बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के भू-दृश्य सरंचना इकाई की ओर से किया गया था। कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय के ओल्ड कैंपस और उसके आसपास के क्षेत्र में पौधा रोपण किया गया। मुख्यातिथि ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। हमें ऐसे महान व्यक्तित्व के जन्मदिन पर पौधारोपण करना उन्हें सही मायनों में जन्मदिन की बधाई देना है। उन्हें जन्मदिन की बधाई देते हुए हम कामना करते हैं कि भगवान उन्हें स्वस्थ रखे ताकि वे ओर अधिक ऊर्जा के साथ सदैव देश सेवा में जुटे रहें। उन्होंने कहा कि लगातार विश्वविद्यालय में पौधारोपण किया जा रहा है ताकि विश्वविद्यालय का सारा परिसर हरा-भरा नजर आए। इससे एक ओर जहां पर्यावरण संरक्षण होगा वहीं प्रदूषण से भी निजात मिलेगी। पौधारोपण अभियान के तहत चिकरेशिया, गुलमोहर, अमलतास, कचनार, शहतूत, नीम, जामुन, अमरूद, नींबू, अर्जुन आदि प्रकार के पौधे लगाए गए। इस दौरान मौजूद सभी अधिकारियों ने पौधारोपण कर माननीय प्रधानमंत्री जी को जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कुलसचिव डॉ. एस.के. मेहता, अनुसंधान निदेशक डॉ. एस.के. सहरावत, विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रामनिवास ढांडा, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया, अधिष्ठाता डॉ. अमरजीत कालड़ा, डॉ. एम.एस. सिद्धपुरिया, डॉ. राजवीर सिंह, डॉ. बिमला ढांडा, पुस्कालयाध्यक्ष डॉ. बलवान सिंह, भू-दृश्य सरंचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीति मलिक सहित विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 19.9.21 | 4 | 7-8 |

## 'कुलपति से मिला कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल'

हिसार, 18 सितम्बर (ब्यूरो): हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल संघ महासचिव राजकुमार गंगवानी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज से मिला। महासचिव राजकुमार गंगवानी ने बताया कि कुलपति के साथ बातचीत काफी सकारात्मक माहौल में हुई। कुलपति ने प्रतिनिधिमंडल को एससी कर्मचारियों की सभी जायज मांगों का समाधान करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य सलाहकार सुनील कुमार, वरिष्ठ उपप्रधान सुरेंद्र राणा, कार्यालय सचिव ओमप्रकाश, शिव कुमार, दीपक पंवार व गोपी राम आदि शामिल रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 19.5.21 | 5 | 3 |

## कुलपति ने दिया कर्मचारियों की मांगों के समाधान का आश्वासन

जासं, हिसार : हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अनुसूचित जाति-जनजाति कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल संघ महासचिव राजकुमार गंगवानी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज से मिला। महासचिव राजकुमार गंगवानी ने बताया कि कुलपति के साथ बातचीत काफी सकारात्मक माहौल में हुई। कुलपति ने प्रतिनिधिमंडल को एससी कर्मचारियों की सभी जायज मांगों का समाधान करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने कुछ समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने के लिए कुलपति का धन्यवाद व्यक्त किया। महासचिव राजकुमार गंगवानी ने कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज को गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय कुलपति नियुक्त करने को लेकर हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य सलाहकार सुनील कुमार मौजूद रहे।



प्रो. बीआर कांबोज, कुलपति जीजेयू।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 19.9.21 | 4 | 4 |

## कुलपति ने दिया मांगों के समाधान का आश्वासन

हिसार | एचएयू अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल संघ महासचिव राजकुमार के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज से मिला।महासचिव राजकुमार ने बताया कि कुलपति के साथ बातचीत काफी सकारात्मक माहौल में हुई। कुलपति ने प्रतिनिधिमंडल को एससी कर्मचारियों की सभी जायज मांगों का समाधान करने का आश्वासन दिया। कुलपति से मिलने वालों में सुरेंद्र राणा, शिव कुमार, दीपक पंवार , गोपी राम आदि शामिल रहे।